दिनांक 5 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ और सुंदर भिलाई

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर साईकिल यात्रा निकाल कर दिया पर्यावरण का संदेश

भिलाईनगर/विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन क्षेत्रों में स्टॉल लगाकर गीले कचरे से निर्मित उत्तम सोनहा खातू एवं पौधे निशुल्क प्रदाय किए गए जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव , सभापति पी. श्याम सुंदर राव , एम.आई.सी. सदस्य जोहन सिन्हा एवं आयुक्त एस.के. सुंदरानी सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी , विभिन्न संस्था के लोग बड़ी संख्या में साईकिल यात्रा हेतु ग्लोब चैक में एकत्रित हुए! पर्यावरण संरक्षण संदेश देने के उद्देश्य से एवं एकरूपता लाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस की टोपी एवं टी-शर्ट धारण कर साइकिल चलाते हुए सेक्टर 9 चैक होते हुए मानव सेवा परिसर पहुंचे जहां पर योगाभ्यास करने के पश्चात समीप स्थित तालाब का श्रमदान से सफाई कार्य का प्रारंभ किया गया!अनावश्यक रूप से उगे हुए खरपतवार को महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने तालाब के भीतर आधे फीट मे गहरे कीचड़ में जाकर सफाई कार्य प्रारंभ किया! इसी तरह उपस्थित सभी के द्वारा एक मानव श्रृंखला बनाकर तालाब से लेकर सफाई वाहन तक तालाब से निकलने वाले कचरे को पहुंचाने का कार्य जन सहयोग से श्रमदान कर किया गया।

तत्पश्चात श्री देवेंद्र यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण करने की दृष्टि से ताकि अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण के लिए आगे आएं एवं हरियाली की दिशा में आगे बढ़ें वृक्षारोपण पुरस्कार योजना के अभियान की उद्घाटन कर शुरुआत की, इसके तहत आम नागरिक वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम के इस मुहिम से जुड़ सकेंगे,पौधे के साथ अपनी सेल्फी लेकर एवं लगाए गए पौधों की फोटो खींचकर स्मार्ट एप भिलाई जो कि प्ले स्टोर में उपलब्ध है के भीतर वृक्षारोपण के फोल्डर में जाकर अपलोड कर सकेंगे , जिसमें अच्छे सराहनीय कार्य करने वालों को 3000 से लेकर 25000 रुपये तक की पुरस्कार से 15 अगस्त को सम्मानित किया जावेगा, यह मुहिम निरंतर जब तक पौधे बड़े नहीं हो जाते , सुरक्षित नहीं हो जाते तब तक जारी रहेगा! पुरस्कार प्राप्त करने के लिए नियम एवं शर्तें भी स्मार्ट एप भिलाई के वृक्षारोपण फोल्डर में उपलब्ध है अब इस वृक्षारोपण अभियान का नाम विभिन्न लोगों के सुझाव के आधार पर "मोर पेड़ मोर जिनगानी" होगा। आयुक्त से एस.के. सुंदरानी द्वारा नारियल के वेस्ट मटेरियल से तैयार किए गए पौधे श्री देवेंद्र यादव को भेंट किए गए। तत्पश्चात तालाब किनारे स्थल पर वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा उपस्थित सभी को शपथ दिलाया गया। महापौर ने अपने उदबोधन में कहा कि नागरिकों की मांग थी इस तालाब का कायाकल्प हो, सफाई हो, जिस कारण से पर्यावरण दिवस के इस अच्छे अवसर पर हम सभी के द्वारा श्रमदान कर तालाब सफाई की शुरुआत करने एकत्रित हुए हैं जिसे अंतिम चरण तक लेकर जाएंगे, शुरुआत भी हमने की है खत्म भी हम ही करेंगे। श्री यादव के द्वारा उपस्थित नागरिकों को निशुल्क एक पौधा एवं सोनहा खातू वितरण किया गया। पर्यावरण का संदेश देने के लिए राजेश्वर राव द्वारा वृक्ष का रूप धारण किया गया था जोकि सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टि.पी. लहरें , अधीक्षण अभियंता सत्यैंद्र सिंह एवं आर.के. साहू , कार्यपालन अभियंता एस.पी. साहू , प्रशांत शुक्ला, आर.के. साहू , प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता आर एस राजपूत , संजय अग्रवाल, उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं प्रिया खैरवार ,अजय शुक्ला एवं सहयोगी, जय जैन, विद्याधर देवांगन, संजय मिश्रा,डागा, प्रदीप बाकलीवाल, आदि सम्मिलित हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी